Ascension Standish Hospital, Ascension St. Joseph Hospital, और Ascension Medical Group – St. Joseph and Standish कवर किए गए प्रदाता

वित्तीय सहायता नीति का सारांश

Ascension St. Joseph, Ascension Standish सुविधाएं और Ascension Medical Group के कवर किए गए प्रदाता प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा के प्रति प्रतिबद्धता और सम्मान रखते हैं, उन लोगों के लिए विशेष चिंता रखते हैं जो स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने में बाधाओं से जूझते हैं और एक सेवा के रूप में पूरे समुदाय के लिए अपने स्वास्थ्य देखभाल संसाधनों को प्रबंधित करने के लिए समान प्रतिबद्धता रखते हैं। यह सिद्धांत कुछ विशिष्ट व्यक्तियों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है जो अपनी सुविधाओं और कवर प्रदाताओं से आपातकालीन या अन्य चिकित्सकीय रूप से आवश्यक देखभाल प्राप्त करते हैं। यह सारांश वित्तीय सहायता नीति का संक्षिप्त विवरण प्रदान करता है।

कौन योग्य है?

यदि आप अल्कोना, एरेनाक, बे, जेनेसी, ग्लैडविन, ग्रैटियोट, इओस्को, लैपीर, मिडलैंड, ओकलैंड, ओगेमाव, सागीनाव, शियावास्से या टस्कोला काउंटी (Alcona, Arenac, Bay, Genesee, Gladwin, Gratiot, Iosco, Lapeer, Midland, Oakland, Ogemaw, Saginaw, Shiawassee या Tuscola काउंटी) में रहते हैं, तो हो सकता है कि आपको वित्तीय सहायता मिले। वित्तीय सहायता का निर्धारण आम तौर पर संघीय गरीबी के स्तर की तुलना आपकी कुल घरेलू आय से करके किया जाता है। यदि आपकी आय संघीय गरीबी स्तर के 250% से कम या इसके बराबर है, तो आपको उन शुल्कों के भाग पर 100% चैरिटी देखभाल राइट-ऑफ मिल सकता है, जिसके लिए आप जिम्मेदार हैं। अगर आपकी आय संघीय गरीबी के स्तर के 250% से अधिक है पर संघीय गरीबी के स्तर के 400% से अधिक नहीं है, तो आप को विसर्पी पैमाने (स्लाइडिंग स्केल) पर रियायती दरें प्राप्त हो सकती हैं। यदि आपातकालीन और चिकित्सीय रूप से आवश्यक देखभाल के लिए आपका चिकित्सीय कर्ज आपकी आय से अधिक है, तो आप छूट के पात्र हो सकते हैं। यदि आपकी आय संघीय गरीबी के स्तर के 201% से अधिक के बराबर है तो आपकी संपत्ति का मूल्य आपको वित्तीय सहायता के लिए अयोग्य घोषित कर सकता है। वित्तीय सहायता के लिए पात्र होने पर आपको सेवाओं के लिए मामूली फ्लैट शुल्क का भुगतान करना पड़ सकता है। मरीज़ जो वित्तीय सहायता के लिए योग्य हैं, उनसे उपयुक्त इलाज के लिए बीमा कवरेज वाले मरीज़ों से आम तौर पर लिए जाने वाले शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा।

कौन सी सेवाएँ शामिल हैं?

वित्तीय सहायता नीति आपातकाल और अन्य आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल पर लागू होती है। इन शर्तों को वित्तीय सहायता नीति में परिभाषित किया गया है। अन्य सभी सेवाएँ वित्तीय सहायता नीति में शामिल नहीं हैं।

मैं कैसे आवेदन कर सकता/सकती हूँ?

वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने के लिए, आप आमतौर पर वित्तीय सहायता नीति में दिए अनुसार एक लिखित आवेदन को पूरा करेंगे और साथ में सहायक दस्तावेज़ पेश करेंगे और वित्तीय सहायता नीति आवेदन देंगे।

मुझे एक आवेदन के साथ मदद कैसे मिल सकती है?

वित्तीय सहायता नीति आवेदन में मदद के लिए आप विशिष्ट परिसर के अनुसार नीचे प्रदत्त किसी नंबर पर हमारी वित्तीय सहायता टीम के सदस्य से संपर्क कर सकते हैं।

मैं अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?

वित्तीय सहायता नीति और वित्तीय सहायता नीति आवेदन पत्र की प्रतियाँ विशिष्ट परिसरों के अनुसार नीचे प्रदत्त वेबसाइटों और पतों पर उपलब्ध हैं। वित्तीय सहायता नीति और वित्तीय सहायता नीति आवेदन की मुफ्त प्रतियाँ विशिष्ट परिसर के अनुसार नीचे प्रदत्त ग्राहक सेवा टेलीफोन नंबर पर कॉल करके डाक द्वारा भी प्राप्त की जा सकती हैं। वित्तीय सहायता नीति के बारे में अतिरिक्त जानकारी विशिष्ट परिसर के अनुसार नीचे प्रदत्त स्थानों और नंबरों पर भी उपलब्ध है।

सुविधा जहाँ सेवा प्रदान की गई थी:	फोन नं:
Ascension Standish Hospital	888-978-6279
Ascension St. Joseph Hospital	989-362-0118

सुविधा/कार्यालय जहाँ सेवा प्रदान की गई थी:	पूरे किए गए आवेदन इस पते पर डाक द्वारा भेजें:
Ascension Standish Hospital	3274 Solution Center, Chicago, IL 60677-3002
Ascension St. Joseph Hospital	3274 Solution Center, Chicago, IL 60677-3002
Ascension Medical Group Providers - Genesys	PO Box 80278, Indianapolis, IN 46240
Ascension Medical Group - Genesys - Integrated Providers	PO Box 80278, Indianapolis, IN 46240
Ascension Medical Group Providers - St. Mary's, Standish and St. Joseph	PO Box 80278, Indianapolis, IN 46240

वित्तीय सहायता विवरण विशिष्ट परिसर के अनुसार निम्न वेबसाइटों पर भी उपलब्ध है:

ऐसा परिसर/ ऐसा स्थान जहाँ सेवाएँ प्रदान की जाती हैं	*वित्तीय सहायता वेबसाइट*
Ascension Standish Hospital	https://healthcare.ascension.org/Locations/Michigan/MISAG/Standish-Ascension-Standish-Hospital/Financial-Assistance
Ascension St. Joseph Hospital	https://healthcare.ascension.org/Locations/Michigan/MITAW/Tawas-City-Ascension-St-Joseph-Hospital/Financial-Assistance
Ascension Medical Group के प्रदाता - St. Mary's, Standish और St. Joseph	https://healthcare.ascension.org/Locations/Michigan/MITAW/Tawas-City-Ascension-St-Joseph-Hospital/Financial-Assistance

अगर मैं योग्य नहीं हूँ तो क्या होगा?

अगर आप वित्तीय सहायता नीति के तहत वित्तीय सहायता के लिए योग्य नहीं हैं, तो आप अन्य प्रकार की सहायता के लिए योग्य हो सकते हैं। ज्यादा जानकारी के लिए कृपया ऊपर सूचीबद्ध स्थान या टेलीफोन नंबर पर हमारी वित्तीय परामर्श टीम के किसी सदस्य से संपर्क करें।

वित्तीय सहायता नीति, वित्तीय सहायता नीति आवेदन और निर्देश, और इस सरल भाषा सारांश का अनुवाद निम्न भाषाओं में हमारी वेबसाइट पर और अनुरोध किए जाने पर उपलब्ध है:

अरेबिक	जर्मन	कोरियाई
चीनी	हिंदी	रूसी
अंग्रेजी	जापानी	स्पेनिश